तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 बढ़भूम में पीडीएस भवन का भूमिपूजन, बरही में ...



11 मां कंकालिन मैया मंदिर, विभिन्न जिलों से पहुंचते...



नवरात्रि विशेष



पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। ब्रह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। ब्रह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

खबर संक्षेप

बड़गांव में सांस्कृतिक रात्रि कार्यक्रम का आयोजन



डौंडीलोहारा। ग्राम बड़गांव के टावर पारा की पावन धरा पर 'जय मां बैगीन गुड़दाई पहुना' रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौरव ग्राम निपानी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सभापति डोमेन्द्र ज्ञानू राजपूत शामिल हुए। साथ ही सरपंच सुरेश ठाकुर, ग्राम प्रमुख वेद लाल पटेल, वैभव साहू, विष्णु मराठे, रतन भोसले, हलाखोर साहू, इगनथ पटेल एवं निपानी कला समूह के संचालक व कलाकार भोजराम का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन हनुमान मंदिर संचालक युगल किशोर साहू द्वारा किया गया। आयोजन के समापन पर भानु राम पटेल द्वारा सभी अतिथियों, समिति सदस्यों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रयास विद्यालयों में 9 वीं में प्रवेश के लिए 16 को ओपन काउंसलिंग

बालोद। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में शिक्षा सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु चतुर्थ ओपन काउंसलिंग 16 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के शिक्षा सत्र 2026–27 की कक्षा 9वीं में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विभागीय वेबसाइट पर 228 रिक्त सीट के आधार पर चतुर्थ ओपन काउंसलिंग (पहले आओ पहले पाओ) हेतु तिथि प्रदर्शित कर दी गई है।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के 13 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के निर्देशानुसार जिला एथलेटिक्स संघ बालोद के तत्वावधान में 12 अक्टूबर को शासकीय हाई स्कूल मैदान जुंगेरा में नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट 2026 के लिए जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बालोद जिले के 13 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के सदस्य परविंदर सिंह ग्रेवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी बालोद स्वपन जेना ने की। विशेष अतिथि के रूप में स्टील सिटी एथलेटिक क्लब के अध्यक्ष सुनील नायक तथा शासकीय हाई स्कूल जुंगेरा के प्राचार्य उपस्थित रहे।

चयन प्रतियोगिता में 60 मीटर और 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, बाधा दौड़ तथा किड्स जैवलिन सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। ट्रायथलॉन में निर्धारित तीन स्पर्धाओं के अंकों के आधार पर अंडर-14 वर्ग के खिलाड़ियों का चयन ▶▶| शेष पेज 10 पर

विभिन्न स्पर्धाओं में परखी गई खिलाड़ियों की प्रतिभा





विरोध : टैक्सी स्टैंड में डटे रहे पटवारी, तकनीकी दिक्कतों के निराकरण की मांग

पीवी ऐप की समस्याओं और कार्रवाई के विरोध में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज. बालोद

पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही व्यवहारिक एवं तकनीकी समस्याओं का निराकरण नहीं होने, पटवारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और वर्षों से लंबित मांगों को लेकर छग राजस्व पटवारी संघ ने दूसरे दिन बुधवार को नया बस स्टैंड स्थित टैक्सी स्टैंड में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। पटवारी संघ ने शासन और विभाग से समस्याओं का तत्काल समाधान करने के साथ ही पटवारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की है।

- स्थानांतरण, नोटिस और निलंबन के आदेश निरस्त करने के साथ वेतन विसंगति दूर करने की उठाई आवाज

पटवारी संघ के अनुसार, पीवी ऐप के माध्यम से फसल का भौतिक सत्यापन करने के दौरान विभिन्न व्यवहारिक एवं तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं से पूर्व में भी ज्ञापन के माध्यम से शासन एवं विभाग को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस और व्यवहारिक समाधान नहीं किया गया है। संघ का कहना है कि समस्याओं का निराकरण किए बिना पटवारियों से इस कार्य को कराने का दबाव बनाया जा रहा है। संघ ने पीवी ऐप के बहिष्कार के मामले में विभिन्न जिलों में पटवारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर नाराजगी जताई है। संघ के मुताबिक, बलौदाबाजार और गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में पदाधिकारियों एवं अन्य पटवारियों का स्थानांतरण किया गया है तथा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं महासमुंद जिले में पटवारियों को निलंबित किए जाने की बात भी कही गई है।

संघ ने इन कार्रवाइयों को अनुचित बताते हुए संबंधित आदेशों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। संघ का कहना है कि पटवारी राजस्व विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का लगातार निर्वहन कर रहे हैं, इसके बावजूद उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान पटवारी संघ ने वर्षों से लंबित वेतन विसंगति दूर करने और पदोन्नति के अधिकार से जुड़ी मांगों पर भी तत्काल सकारात्मरने की मांग की। संघ ने वेतन विसंगति एवं पदोन्नति के मामलों को लंबित रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

पटवारी संघ ने स्पष्ट किया कि पीवी ऐप की समस्याओं का व्यावहारिक समाधान, पटवारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को निरस्त करने तथा लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने की दिशा में पहल जरूरी है। मंगलवार को शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल में बड़ी संख्या में पटवारी शामिल रहे।



दुर्गा पंडाल में पुजारी से विवाद, टंगिया लहराकर दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूजःडौण्डीलोहारा

थाना मंगचुवा क्षेत्र के ग्राम रेंगाडबरी में मां दुर्गा पंडाल में पानी पीने की बात को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि दो भाइयों ने दुर्गा माता के मुख्य पुजारी दुर्गुराम चुरेंद्र के साथ गाली-गलौज करते हुए धारदार टंगिया लहराई और जान से मारने की धमकी दी। मामले में मंगचुवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि दूसरा आरोपी फरार है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 11 अक्टूबर रविवार की रात करीब 11:30 बजे से 1 बजे के बीच की है। ग्राम रेंगाडबरी स्थित मां दुर्गा पंडाल में पानी पीने की बात को लेकर आरोपी गजेन्द्र नायक और उसके भाई गोपी नायक का मुख्य पुजारी दुर्गुराम चुरेंद्र से विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों भाइयों ने एकराय होकर पुजारी के साथ अश्लील गाली-गलौज की और धारदार टंगिया लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने थाना मंगचुवा पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी गजेन्द्र नायक और गोपी नायक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। इसके साथ ही इस्तगासा क्रमांक 18/26 के तहत धारा 170 में भी कार्रवाई की गई।

- एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार; पानी पीने की बात पर हुआ था विवाद

मामले में पुलिस ने आरोपी गजेन्द्र नायक पिता शंभू रामनायक 27 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया। वहीं, उसका छोटा भाई गोपी नायक घटना के बाद से फरार है। प्रधान आरक्षक यज्ञ दत्त ठाकुर ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश में मंगचुवा पुलिस जुटी हुई है।



युवकों के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज



हरिभूमि न्यूजःगुण्डरदेही

युवको के बीच किसी बात को लेकर वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जहां पीड़ित युवको के द्वारा मारपीट करने वाले दूसरे युवको के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जहां पीड़ित युवक के रिपोर्ट के बाद पुलिस ने धारा 296, 115 (2), 351(3), 118(1), 118(2), 191(2), 3(5) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

पीड़ित युवक ग्राम मोखा निवासी मनस्वी सार्वा ने पुलिस को बताया कि 10 अक्टूबर को अपने साथी अरूण कुमार साहू, केशरीनंदन साहू, योगेश्वर साहू, मुकेश साहू के साथ 10 बजे रात्रि पंकज ढाबा गुण्डरदेही खाना खाने आये थे और खाना खाने के बाद 11 बजे रात्रि पंकज ढाबा के बाहर रोड पास निकले थे।

उसी समय गुण्डरदेही निवासी उद्धव सोनकर भी अपने साथीयों के साथ पंकज ढाबा में खाना खाने आये थे जो खाना खाकर ढाबा के बाहर निकल रहे थे। उसी समय उद्धव सोनकर होटल के बाहर रोड पास खड़े थे, मैं उद्धव सोनकर को गुण्डरदेही आते जाते रहता हूं इस कारण उसे जानता पहचानता हूं व उसके साथी चिरंजीव साहू व अन्य लोगो ने शराब के नशे में मुझे व मेरे अन्य साथीयों को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का व बियर बोटल को तोडकर मारपीट किये।

जिससे मेरे बांये आंख के नीचे, बांये मस्तक तरफ, दाहिने हाथ भुजा के नीचे तथा मेरी साथी केशरीनंदन को धारदार वस्तु से मारपीट किया जिससे उसके सीने के पास, मुंह के पास तथा अरूण साहू के बांये पसली के पास चोट आया है तथा हाथ मुक्का से मारपीट करने योगेश्वर साहू के दोनो कंधा, मुकेश साहू दोनो हाथ के कलाई सिर के पीछे हिस्सा में दर्द होना बताया है। वही पुलिस की जांच में जुटी हुई है पुलिस जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

भुनेश्वरी नेताम संभाग स्तरीय सम्मान से सम्मानित



जामगांव आर। छोटा सा गांव गातापार और स्कूल में बच्चे भी एक दर्जन लेकिन गुणवक्ता इतनी बेहतरीन की सारे बच्चे धारा प्रवाह हिंदी पढ़ने में सक्षम है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा हेड मास्टर भुनेश्वरी का सम्मान दुर्ग आमंत्रित कर संभाग स्तरीय सम्मान समारोह में किया। मिली जानकारी के मुताबिक बेल्हारी संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला गातापार की प्रधान पाठक भुनेश्वरी नेताम को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग जगजीत सिंह धीर, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग डा. के.व्ही.राव द्वारा शाला शिक्षा गुणवक्ता अभियान 2026 संभाग स्तरीय सम्मान खालसा पब्लिक ▶▶| शेष पेज 10 पर

नवरात्रि में मंदिर पहुंचे न्यायाधीश, श्रद्धालुओं को दी विधिक अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूजःबालोद

नवरात्रि पर्व के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद के द्वारा आगंतुक नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गंगा मैय्या मंदिर एवं सियादेवी मंदिर में स्थापित विधिक जागरूकता स्टॉल का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान दोनों मंदिरों में बड़ी संख्या में आगंतुक श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए विधिक जागरूकता स्टॉल के माध्यम से आमजनों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न विधिक सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने स्टॉल में उपलब्ध विधिक जागरूकता संबंधी गतिविधियों का अवलोकन किया तथा वहां उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आमजनों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों और निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने लोगों को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

- गंगा मैय्या और सियादेवी मंदिर में लगे विधिक जागरूकता स्टॉल का किया निरीक्षण

इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारती कुलदीप, वरिष्ठ ▶▶| शेष पेज 10 पर



श्मशान घाट शेड, स्कूल में प्रार्थना शेड, सामुदायिक भवन और सीसी रोड का होगा निर्माण

जिपं अध्यक्ष ने जोरातराई में 27.20 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूजःबालोद

ग्राम जोरातराई में 27.20 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने भूमिपूजन कर जोरातराई के ग्रामीणों को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। गांव के चहुंमुखी विकास के लिए विभिन्न श्रेणियों में कुल 27.20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। जिसमें शमशान घाट शेड एवं प्रतिक्षालय निर्माण 6.20 लाख रुपये, प्रार्थना शेड शासकीय माध्यमिक शाला 10.00 लाख रुपये, सामुदायिक भवन निर्माण 6 लाख रुपये और सीसी. रोड निर्माण 5 लाख रुपये के विकास कार्य शामिल हैं।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्य अतिथि तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रें में बुनियादी सुविधाओं का विकास हमारे शासन की प्राथमिकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन और सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर संरचना तैयार होने से ग्रामवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित विभागों और निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवक्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को इनका पूरा लाभ मिल सके। गांव में एक साथ इतने सारे विकास कार्यों के शुभारंभ से जोरातराई के रहवासियों में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। स्कूल में प्रार्थना शेड बनने से बच्चों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी, वहीं श्मशान घाट शेड, प्रतिक्षालय और सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजनों में बड़ी सहूलियत होगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी सभापति, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सरपंच बृजलाल साहू, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल गुण्डरदेही डॉ लक्ष्मीकांत साहू, उपसरपंच चंद्रशेखर, रोमन सिंह साहू, हरिश्चन्द्र अंगारे, गोविन्द चंद्राकर, डिलेश्वर सोनेश्वरी, घनिया साहू, पंच गोवर्धन साहू, हेमबाई साहू, ऋचा ठाकुर, खेमिन धीवर, तेजेश्वरी अंगारे, जागेश्वरी साहू, गोदावरी साहू, कौशिक राम साहू समस्त पंचगण, रूखमणि साहू रोजगार साहायिका तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



साधु वेश में भिक्षा मांग रहे उत्तर प्रदेश के तीन व्यक्ति पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज. बालोद

जिले में साधु वेश धारण कर भिक्षा मांग रहे उत्तर प्रदेश के तीन व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। इनमें पिता–पुत्र भी शामिल हैं।

पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पकड़े गए व्यक्तियों में उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के खोरमपुर निवासी विद्यासागर 41 वर्ष पिता बसंतलाल, उनका पुत्र कृष्ण सागर 18 वर्ष तथा देवरिया जिले के पकड़ी रवदुपुर निवासी अतुल पाण्डेय 41 वर्ष पिता आत्माराम पाण्डेय शामिल हैं। बताया जा रहा है कि तीनों भगवा वस्त्र धारण कर पिछले तीन दिनों से बालोद शहर और आसपास के गांवों में घूमकर भिक्षा मांग रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को सदर रोड क्षेत्र से, जबकि एक अन्य को सिवनी से पकड़ा। इसके बाद तीनों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



खबर संक्षेप



मां सरस्वती उत्सव समिति ग्राम रेंघई

सफल अभ्यर्थियों को आज से मिलेगा निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण

बालोद। भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती 2026 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा में सफल होने वाले जिले के युवाओं के लिए जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष प्रशिक्षण दिनांक 15 अक्टूबर से सुबह 06 से 08 बजे तक स्थानीय सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम मैदान में प्रारंभ होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन जनवरी 2027 में किया जाना संभावित है। इसे –ष्टिगत रखते हुए जिले के सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक रूप से सु–ढ़ एवं दक्ष बनाने के उद्देश्य से रक्षित केंद्र बालोद के पीटीआई (प्रशिक्षक) श्यामकरण रॉय द्वारा सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम मैदान में नियमित अभ्यास कराया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने अग्निवीर थलसेना 2026 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, वे रोजगार विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर 'अग्निवीर थलसेना शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण' हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रशासन ने जिले के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे समय पर ऑनलाइन आवेदन कर इस निःशुल्क प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

लोक निर्माण विभाग के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 17 को शिविर

बालोद। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 17 अक्टूबर को पेंशन निराकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, दुर्ग द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देश के अनुसार शिविर का आयोजन कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, दुर्ग में किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के विभिन्न कार्यालयों में लंबित पेंशन प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। निर्देश में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि संबंधित कार्यालयों के पेंशन शाखा प्रभारी लिपिक अपने यहां लंबित पेंशन प्रकरणों को निर्धारित तिथि 17 अक्टूबर को शिविर स्थल पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे, ताकि प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया पूरी की जा सके। इस पहल का उद्देश्य लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाना तथा संबंधित पेंशनभोगियों को समय पर राहत उपलब्ध कराना है।

भिलाई को मिली 50 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

भिलाई। भारत के प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की शहरी परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुलभ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भिलाई शहर के लिए 50 इलेक्ट्रिक बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से प्रथम चरण में नवंबर 2026 से 20 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके लिए विभिन्न मार्गों का रूट चार्ट भी तैयार कर लिया गया है। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

जय बंजरग दुर्गोत्सव समिति गायत्री मंदिर देवरीबंगला



नव ज्योति दुर्गा सरस्वती समिति भरकापारा देवरीबंगला



सरस्वती उत्सव समिति नया बस स्टैंड देवरीबंगला



मॉ सरस्वती भक्त मंडल चौखडिया पारा देवरीबंगला



न्यू लियो क्लब सरस्वती उत्सव समिति पुराना बस स्टैंड मार्रीबंगला



नवयुवक सरस्वती उत्सव समिति सेमरडीह



दुर्गा उत्सव समिति सहगांव

बालिका शौचालय, आंगनबाड़ी भवन और पौधारोपण कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश

सीईओ पन्नालाल ने चार ग्राम पंचायतों में किया विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज:गुरूर

विकसित भारत–जी रामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में चल रहे विकास कार्यों की गुणवक्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पनधुब्रे ने ग्राम पंचायत बोरतरा के ग्राम खैरवाही, ग्राम पंचायत अकलवारा, ग्राम पंचायत सरबदा एवं टेगनाबरपारा में जल जीवन मिशन, निर्माण एवं वृक्षारोपण कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीणो के घर में पानी पहुचने का भौतिक निरीक्षण कर ग्रामीणो से चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालिका शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा पौधारोपण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों एवं तकनीकी अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय–सीमा में गुणवक्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवक्ता का विशेष ध्यान रखने तथा शासन के दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यों को जिम्मेदारीपूर्वक समय पर पूरा करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्रें में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो सके।

निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्नालाल धुव्रे, कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार देवांगन, करारोपण अधिकारी सुरेश ठाकुर, एडीईओ भूपेश कुमार सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी, संबंधित ग्राम पंचायतों ग्राम पंचायत बोरतरा, अकलवारा, सरबदा एवं टेगना बरपारा के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



नपं अध्यक्ष प्रमोद ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



गुण्डरदेही। नगर पंचायत गुण्डरदेही क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया तथा संधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर में स्वीकृत कार्य का जायजा लिया गया और कार्य को व्यवस्थित एवं गुणवक्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं, यादव समाज के लिए जगह चिन्हांकित कर 1.50 लाख की राशि स्वीकृत की गई, जिससे समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य किए जा सकेंगे। इसके साथ ही मातर उत्सव स्थल पर मंच एवं शेड निर्माण के लिए 7 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया। इससे क्षेत्र में आयोजित होने वाले सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि नगर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत निरंतर प्रयासरत है। विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने तथा नगरवासियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी कोमल ठाकुर, पार्षद संतोष नेताम, सब इंजीनियर पाठक एवं नगरवासी उपस्थित थे।

प्रधान पाठक महेश को मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज:बालोद

शासकीय प्राथमिक शाला टेकापार विकासखंड बालोद के प्रधान पाठक महेश कुमार सोनकर को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रधान पाठक प्राथमिक के रूप में सम्मानित किया गया। 13 अक्टूबर को खालसा पब्लिक स्कूल, दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त एवं संयुक्त संचालक, दुर्ग द्वारा उन्हें सम्मान प्रदान किया गया।

- स्मार्ट टीवी से आधुनिक अध्यापन और संस्कारयुक्त शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हुए सम्मानित

प्रधान पाठक महेश कुमार सोनकर विद्यालय में बेहतर शैक्षिक वातावरण के निर्माण, समुदाय की सहभागिता बढ़ाने तथा स्मार्ट टीवी के माध्यम से आधुनिक तकनीक आधारित अध्यापन कार्य को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसके साथ ही वे बच्चों में अनुशासन, नैतिक मूल्यों और अच्छे संस्कारों के विकास पर विशेष ध्यान देते हैं। उनके प्रयासों से विद्यालय में गुणवक्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सवांगीण विकास को प्रोत्साहन मिल रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए महेश कुमार सोनकर को वर्ष 2022 में शिक्षा दूत सम्मान तथा वर्ष 2023 में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से नवाजा जा चुका है। मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित होना उनके शैक्षिक समर्पण, नवाचार और कर्तव्यनिष्ठा का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य नेवारीकला, संकुल समन्वयक नेवारीकला, शासकीय प्राथमिक शाला टेकापार के समस्त स्टाफ, जनप्रतिनिधियों, सहपाठियों एवं ग्रामीणजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए महेश कुमार सोनकर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे क्षेत्र और शिक्षा जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।



मतदाता सूची में नए युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए अभियान तेज

बालोद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान पूरी तत्परता से संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत भावी व नए युवा मतदाताओं को जोड़ने हेतु शैक्षणिक संस्थानों में सघन गतिविधियां जारी हैं। इसी कड़ी में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरर तथा शासकीय बुनियादी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में 17.एवं 18 वर्ष आयु वर्ग के छात्र–छात्राओं को चिन्हित कर फॉर्म–6 का वितरण किया गया। शिक्षकों एवं बीएलओ द्वारा विद्यार्थियों को लोकतंत्र में वोट के महत्व की जानकारी देते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु





प्रेरित किया गया। पात्र नागरिक बीएलओ के माध्यम से ऑफलाइन अथवा भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल व ईसीआई नेट मोबाइल ऐप के जरिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी पात्र युवाओं से समय–सीमा में पंजीकरण कराने की अपील की है।

लेनदेन के विवाद में जवान का अपहरण कर पिटाई, महिला और पुरुष गिरफ्तार

भिलाई। रकम लेनदेन को लेकर सीएएफ के जवान का अपहरण कर उसे बंधक बनाकर मारपीट करने वाले महिला और पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना पुलगांव प्रभारी गुरविंदर संधु ने बताया कि सीएएफ के कंट्रोल से सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। जहां से जवान विजय शील से छुड़या गया। विजय 6 वीं बटालियन रायगढ़ में पदस्थ है। जवान का महिला हरजिंदर कौर से करीब 11 लाख रुपए का पुराना लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के बीच जवान विजय दुर्ग पहुंचा था। जब जवान दुर्ग पहुंचा तो उसे वाहन में हरजिंदर कौर और चालक कृष्ण सिंह जबरन वाहन में बिठाकर पुलगांव थाना क्षेत्र के गोकुल नगर के पास कॉलोनी के मकान में लाया गया। यहां उसके साथ मारपीट कर स्टाम्प पेपर में रकम को लेकर लिखापढ़ी की गई।

पेज 9 के शेष

राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता ...

किया गया, जबकि अंडर-16 वर्ग में दो स्पर्धाओं के प्रदर्शन, सर्वश्रेष्ठ समय और प्राप्त अंकों को आधार बनाया गया। जिला एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष स्वपन जेना के अनुसार, चयनित खिलाड़ियों में ट्रायथलॉन अंडर-14 वर्ग से पल्लवी, साक्षी, दानेश्वर और त्रिलोक शामिल हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जुड़े व्यायाम शिक्षकों छबिलाल जांगड़े, सीपेन्द्र जांगड़े, सुरेश शांडिल्य, सौरभ शर्मा, शैलेंद्र सिन्हा, संजय मोहंती, टामिन साहू, चोवाराम, ज्ञान सिंह जुरेशिया, खुमेश, रंजना साहू, प्रमोद सिन्हा, भोजेंद्र, भूपेश और मोईन खान सहित शासकीय हाई स्कूल जुंगेरा के प्राचार्य, सपना मेश्राम एवं वंशिका गंधर्व का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रशेखर पवार ने किया। जिले के 13 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन बालोद में एथलेटिक्स प्रतिभाओं की मौजूदगी को रेखांकित करता है। अब चयनित खिलाड़ियों के सामने हैदराबाद में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने की चुनौती होगी।

भुनेश्वरी नेताम ...

स्कुल दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानपुरस्कृत किया गया। नेताम के नेतृत्व एवं शिक्षकों के सतत प्रयासों से विद्यालय में कक्षा दुसरी से पांचवीं तक के सभी बच्चें धारा प्रवाह हिंदी पढ़ने में सक्षम हैं। वे शिक्षकीय ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक और नैतिक मूल्यों का सिंचन कर बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य रीना चौधरी, संकुल समन्वयक कमलेश साहू, गातापार गांव के सरपंच रेवाराम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केशव राम ठाकुर, उपाध्यक्ष तालसिंह साहू, समाज सेवी देवेंद्र साहू एवं अन्य गणमान्य जनों ने भुनेश्वरी नेताम प्रधान पाठक के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

नवरात्रि में मंदिर पहुंचे ...

पैरालीगल वालेंटियर रमेश कुमार शर्मा एवं अन्य पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिरों में आगंतुक श्रद्धालुओं एवं आमजन तक न्याय एवं विधिक सहायता संबंधी जानकारी पहुंचाना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को उनके अधिकारों और कानूनी सुविधाओं के प्रति जागरूक करना है।

नियमित पदों का सृजन, स्थायीकरण नियमावली लागू करने और पदनाम बदलकर कनिष्ठ अभियंता करने की मांग

नियमितीकरण की मांग पर तकनीकी सहायक कर्मचारियों का आंदोलन, आज प्रदेशव्यापी सांकेतिक हड़ताल

हरिभूमि न्यूज:बालोद

वर्षों से नियमितीकरण की राह देख रहे तकनीकी सहायक कर्मचारियों का असंतोष अब आंदोलन में बदलने जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 'विकसित भारत जी राम जी योजना में कार्यरत तकनीकी सहायक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। नियमितीकरण, स्थायीकरण नियमावली लागू करने और पदनाम बदलने की मांग को लेकर कर्मचारी 13 से 15 अक्टूबर तक चरणबद्ध आंदोलन कर रहें हैं। आंदोलन के तहत 13 और 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय धरना स्थल में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । आज 15 अक्टूबर को प्रदेशभर में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की जाएगी।

तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ, जिला बालोद के नेतृत्व में हो रहे इस आंदोलन के जरिए कर्मचारी शासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर खींचना चाहते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन उनकी सेवा सुरक्षा और नियमितीकरण से जुड़ी समस्याओं का अब तक समाधान नहीं हो पाया है। तकनीकी सहायक कर्मचारियों की लड़ाई तीन प्रमुख मांगों को लेकर है। पहली मांग है कि योजना के अंतर्गत कार्यरत सभी तकनीकी सहायकों के लिए नियमित पदों का सृजन किया जाए और उन्हें नियमितीकरण की प्रक्रिया के तहत समायोजित किया जाए।



दूसरी मांग नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक सेवा शर्तों को लेकर है। संघ चाहता है कि पंचायत विभाग में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों के समान सेवा शर्तें निर्धारित करते हुए तकनीकी सहायक कर्मचारियों के लिए स्थायीकरण नियमावली तत्काल लागू की जाए।

तीसरी मांग पदनाम में बदलाव की है। कर्मचारी चाहते हैं कि उनके तकनीकी कार्यों और जिम्मेदारियों को देखते हुए तकनीकी सहायक पद का नाम बदलकर 'कनिष्ठ अभियंता किया जाए। उल्लेखनीय है कि तकनीकी सहायक कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रें में विकास कार्यों के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं। निर्माण कार्यों की तकनीकी निगरानी, प्राकयार करना, कार्यों का मूल्यांकन और गुणवक्ता सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण दायित्व उनके जिम्मे होते हैं। इसके बावजूद नियमितीकरण और स्थायी सेवा व्यवस्था को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी है।

संघ का कहना है कि वर्षोंर् से विभागीय जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद कर्मचारियों को स्थायी सेवा व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाया है। इससे उनके भविष्य और रोजगार की सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। कर्मचारियों की मांग है कि शासन उनके कार्यों और जिम्मेदारियों को देखते हुए सेवा संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान करे। 13 और 14 अक्टूबर को जिला स्तर पर ध्यानाकर्षण कार्यक्रम के बाद अब आज 15 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी सांकेतिक हड़ताल के जरिए कर्मचारी अपनी एकजुटता दिखाएंगे। आंदोलन के माध्यम से नियमितीकरण, स्थायीकरण नियमावली और पदनाम परिवर्तन की मांगों पर ठोस निर्णय लेने का दबाव बनाया जाएगा।

अब निगाहें शासन–प्रशासन के रुख पर टिकी हैं। कर्मचारियों को उम्मीद है कि उनकी वर्षोंर् से लंबित मांगों पर सकारात्मक पहल होगी और सेवा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का समाधान निकलेगा। वहीं, यदि मांगों पर निर्णय नहीं होता है, तो कर्मचारियों का असंतोष आगे क्या रुख लेगा, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

खबर संक्षेप



स्मृति में बच्चों को कराया गया नेवता भोज

डौंडीलोहारा। विकासखंड के अंतर्गत शास प्राथ शाला संजारी में पदस्थ रहे सहायक शिक्षक स्व. नागेश्वर दास मानिकपुरी की स्मृति में उनके परिवार द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी बिंदा बाई मानिकपुरी एवं पुत्र तामेश्वर दास मानिकपुरी और भीनेश दास मानिकपुरी ने विद्यालय के बच्चों को खीर, पूरी, केला और गुलाब जामुन खिलाया। स्वादिष्ट भोजन पाकर बच्चे प्रसन्न और आनंदित नजर आए। इस आयोजन के माध्यम से स्व. नागेश्वर दास मानिकपुरी की स्मृति को सहेजते हुए बच्चों के साथ खुशियां साझा की गईं। नेवता भोज से विद्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल रहा। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख एवं प्रधान पाठक भूपेन्द्र कुमार इंदौरिया, सहायक शिक्षक भीकेश सहारे, सहायक शिक्षक प्रीतम रामटेके, सीएससी भागवत इंदौरिया, एसएमसी अध्यक्ष निकिता यदु सहित कन्हैया भुआर्य, पी.एल. खरे, माखनलाल भुआर्य, लेख राम ठाकुर, प्रेमलाल भुआर्य, तुलसीराम, रामसुख भुआर्य, पूर्णिमा बाई तथा मध्यान्ह भोजन संचालक समिति के सदस्य उपस्थित रहे। शाला परिवार ने इस सराहनीय पहल के लिए स्व.नागेश्वर दास मानिकपुरी के परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सादर धन्यवाद ज्ञापित किया।

रेंगाडबरी में आज होंगे धार्मिक अनुष्ठान

डौण्डीलोहारा। शारदीय क्वांर नवरात्रि के अवसर पर ग्राम रेंगाडबरी स्थित मां दुर्गा पंडाल में 15 अक्टूबर, गुरुवार को पंचमी के पावन अवसर पर देव आगमन, ज्योति कलश में कलश चढ़ाने सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। नवदुर्गा दुर्गा उत्सव समिति के अनुसार ज्योति कलश में कलश चढ़ाने के साथ माता रानी की आराधना की जाएगी। धार्मिक आयोजन के साथ रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक लहर रिकॉर्डिंग डांस परिवार संस्था, मुनगाडीह (मोहला) के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

निधन

श्याम बाई गंजीर



गुरूर। ग्राम धनोरा निवासी श्याम बाई गंजीर का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सरजू राम गंजीर की माता व प्रकाश गंजीर, छगन लाल गंजीर की दादी थी।

पर्व : खारुन नदी का उद्गम स्थल है मंदिर, पत्थर फोड़कर प्रकट होने की मान्यता

मां कंकालिन मैया मंदिर में विभिन्न जिलों से पहुंचते हैं श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज:गुरूर





ब्लॉक मुख्यालय के वनांचल ग्राम पेटेचुआ के पास स्थित मां कंकालिन मैया मंदिर भक्तों के लिए आस्था का केन्द्र है। मां कंकालिन के नाम से ही इस गांव का नाम कंकालिन पड़ गया। मां कंकालिन मंदिर खारुन नदी का उद्गम स्थल है, जो चारों ओर जंगलों से घिरा हुआ है, जो मन को मोहित करता है। जानकारों ने बताया कि मां कंकालिन धरती चीरकर प्रकट हुई है और सिद्धपीठ है। पहले यह मंदिर खुले आसमान के नीचे स्थित था, बाद में मंदिर बनाया गया।

मां कंकालिन वर्षों पुरानी एक आदिवासी चिराम मरई ठाकुर को पत्थर फोड़ कर दर्शन दिया था। इसलिए क्षेत्र वासियों ने पत्थर फोड़ देवी के रूप मानते हैं और आठ पीढ़ी तक मरई ठाकुर परिवार ही पुजारी का काम करते आ रहे थे। वर्तमान में कोमर्रा परिवार से रामकुमार कोमर्रा पुजारी का काम कर रहे हैं। कार्यवाहक अध्यक्ष डा. पीआर ठाकुर ने बताया कि मां कंकालिन देवी क्वांर मास के शुक्ल पक्ष के पहली मंगलवार को सर्व प्रथम देव दशहरा होता है या पितृपक्ष के बाद पहली मंगलवार, भादो मास के शुक्ल पक्ष के पहली मंगलवार को बाल चढ़ाया जाता है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष के पहली मंगलवार को माता कंकालिन का फाल्गुन त्योंहार मनाया जाता है और कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के पहली मंगलवार को मंडई मनाया जाता है। यह मान्यता वर्षों पुरानी पूर्वजों ने चलाते आ रहे हैं जिसे आज भी क्षेत्र वासियों ने अपनी परंपरा को बनाए रखें कंकालिन मां बालोद, कांकेर, धमतरी तीनों जिला के बीच में स्थित है। जहां हजारों की भीड़ में श्रद्धालु जन आते जाते है। अपना मन्नत मांगते हैं और मां कंकालिन सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। यहां दोनो पर्व क्वांर एवं चैत्र नवरात्रि में आस पास के लोग ज्योति प्रज्जवलित करते है।

शिवशक्ति मंदिर में ज्योति कलश स्थापित



गुण्डरदेही। पुलिस कालोनी गुण्डरदेही स्थित शिवशक्ति मंदिर में ज्योति कलश स्थापित किया गया है। सेवा जस गायन के साथ नवरात्र के प्रथम रात्रि में मातृ वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सेवाभावी, स्वच्छता के संबंध में प्रेरणा देने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि शमशाद बेगम ने कहा कि मां को भगवान का दर्जा दिया गया है जिसके आशीर्वाद से ही मनुष्य मनोवांछित फल प्राप्त करता है, समूह संगठन के माध्यम से महिला सशक्त हो रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका मधु कौशल ने किया। जिसने शक्ति, शौर्य, उत्साह को नारी शक्ति का परिचायक बताते हुए कहा कि नारी अपने काबलियत से हवाई जहाज, रेलगाड़ी चला रही है, वहीं खेल राजनीति सभी स्थानों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। विशेष अतिथि के रूप में गुरु घासीदास मंदिर समिति गौरैया चौरेल के अध्यक्ष पवन जोशी ने कहा नवरात्र में माता की भक्ति कर हम अपने जीवन में मातृशक्ति को सम्मान देने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। तहसील साहू समाज अध्यक्ष डॉक्टर मानसिंह सरवा ने मातृशक्ति के वंदन को मां के दूध का कर्ज चुकाने का माध्यम बताते हुए कहा कि जिससे हम जीवन प्राप्त किए हैं उसके प्रति कृतज्ञ का भाव है। साथ में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कवि के रूप में केशव राम साहू, विजय कुमार टंडन, योगेश छग, जलज तामकार, पारस गुजराती, अशोक साहू सम्मिलित हुए। सभी कवियों ने अपने कविता के माध्यम से मातृशक्ति की वंदना की एवं मातृ शक्ति के अवयव के रूप में गौ माता, गंगा माता, प्रकृति संरक्षण के लिए पेड़ आदि पर काव्य पाठ करते हुए नशा पान का त्याग करने का संदेश दिया। खासकर बेटियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रेरणादाई बातें कहीं। कॉलोनी के बुजुर्ग गण आत्माराम धनकर, भूषण दास साहू, केवल राम साहू, बिहारी लाल देवांगन, पवन कुमार देशमुख, रामलाल सिंघारे, रफीक खान आदि के साथ महिलाओं की उपस्थिति रही।

माड़ियापार में मां सरस्वती का भव्य पंडाल



बालोद/सिकोसा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम माड़ियापार में मां सरस्वती का भव्य, दिव्य और आकर्षक पंडाल स्थापित किया गया है। फूल–मालाओं और रंग–बिरंगी रोशनियों से सजे इस पंडाल में मां वीणावादिनी की मनमोहक प्रतिमा विराजमान है, ग्रामवासियों में भारी उत्साह है।

ओझागहन में जस झांसी मंडली की प्रस्तुति ने बांधा समां

गुरूर। नव दुर्गा उत्सव समिति ओझागहन द्वारा शारदीय नवरात्रि महोत्सव के तहत रात्रिकालिन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जय अम्बे निर्मल जस झांसी मंडली का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष जपनद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सदस्य जनपद पंचायत गुरूर आशीश साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरूर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर,अतिथि सदस्य जनपद पंचायत गुरूर गुलाब सिन्हा, सदस्य जपनद पंचायत गुरूर झालेन्द्र साहू, अध्यक्ष सेवा सह स मोहारा केशव धनकर, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा बोधराय साहू, पंच ग्राम पंचायत ओझागहन पूरन साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत ओझागहन थानुराम साहू, सर्व आदिवासी स उपाध्यक्ष रामजी ठाकुर, महामत्री यादव समाज संतराम यादव तथा ग्राम पटेल जालंधर नेताम उपस्थित थे।

- ओझागहन में जय अंबे निर्मल जस झांसी मंडली की प्रस्तुति ने बांधा समां



कमरौद में 16-17 को सस्वर रामधुनी प्रतियोगिता, 20 को मनेगा दशहरा उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नव प्रगति दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासी कमरौद द्वारा दो दिवसीय सस्वर रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 16 एवं 17 अक्टूबर को किया गया है। जहां ग्राम में 20 अक्टूबर को दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

खिलानंद पटेल ने बताया कि 16 एवं 17 अक्टूबर को रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद रहेंगे। अध्यक्षता खिलानंद पटेल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि मीना उमाशंकर साहू, उपस्थित रहेंगे। 20 अक्टूबर को दशहरा उत्सव में रात्रि में श्री राम लखन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। नव प्रगति दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष खिलानंद पटेल, उपाध्यक्ष पुरानिक, संरक्षक हीरा सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष हरिकिशन साहू, सचिव डामन कवर, सदस्य टकेश्वर साहू, राजू कुवर, खिलांनद कुवर, हिरेंद्र साहू, गंभीर, शिव साहू, टेकसिंह, देवेंद्र साहू, धर्मेंद्र, उग्रसेन, भूपेंद्र कवर, राजेंद्र ठाकुर, यशवंत, गलेश कवर, शिक्षक भागवत प्रसाद चतुर्वेदी, पंचगण एवं ग्रामवासी कमरौद का सहयोग रहेगा।

पीएम श्री नवोदय विद्यालय दुधली में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज:बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में आज पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशीले पदार्थोंएवं औषधियों के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यार्थियों को एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के विषय में जागरूक करते हुए एंटीबायोटिक औषधियों के विवेकपूर्ण एवं चिकित्सकीय परामर्शानुसार उपयोग के महत्व से अवगत कराया गया। गौरतलब है कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों एवं औषधियों के दुरुपयोग से दूर रहने, औषधियों का सेवन केवल चिकित्सक के परामर्शानुसारथा बिना आवश्यकता एंटीबायोटिक औषधियों का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही, विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने तथा जन–जागरूकता के माध्यम से समाज के अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों एवं औषधियों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

साध्वी प्रियंका श्री जी मसा के सानिध्य में चातुर्मास

प्रवचनों से मिल रही आत्मसंयम की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

जैन भवन डोंडी में चातुर्मास के दौरान साध्वी श्री प्रियंका श्री जी मसा के सानिध्य में प्रवचन और धार्मिक कार्यक्रम जारी हैं। धर्म, ध्यान, त्याग और तपस्या के प्रति समाजजनों में उत्साह देखा जा रहा है। खास बात यह है कि बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़कर धर्म आराधना में भाग ले रहे हैं।

- भवी संचेती ने किए 11 उपवास, निखिल ढेलड़िया ने नौ और दीप्ति ने आठ उपवास की तपस्या की

डोंडी जैन समाज के निखिल ढेलड़िया ने नौ उपवास और उनकी धर्मपत्नी दीप्ति ढेलड़िया ने आठ उपवास की तपस्या की है। वहीं भवी संचेती ने 11 उपवास कर उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। भाविक नाहर और पुष्कर लोढ़ा ने नौ-नौ उपवास की तपस्या की है। पृथ्वीराज लोढ़ा की नौ उपवास की तपस्या जारी है। इसके अलावा गीतांजलि कोठारी, पायल बाघमार और विजय गुणधर सहित अन्य श्रावक-श्राविकाएं लगातार तीन उपवास की तपस्या कर रहे हैं। प्रवचनों में आत्मशुद्धि और सदाचार पर जोर साध्वी श्री प्रियंका श्री जी मसा अपने प्रवचनों में लोभ, क्रोध, मान, माया और अहंकार जैसे कषायों से दूर रहने तथा आत्मनिरीक्षण के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा दे रही हैं। वे समाजजनों को समझा रही हैं कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि उसे दैनिक व्यवहार में अपनाना भी आवश्यक है। विनम्रता, करुणा, संयम और सद्भाव से ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

चातुर्मास के दौरान बच्चों की सहभागिता से परिवारों में धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा मिल रहा है। समाज में सामूहिक आराधना और आत्मचिंतन का वातावरण बना हुआ है। तपस्या करने वाले सभी साधक अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुरूप धार्मिक साधना में जुटे हैं।

जैन समाज के अध्यक्ष सुभाष ढेलड़िया ने कहा कि धर्म का वास्तविक लाभ तभी है, जब प्रवचनों से मिली प्रेरणा हमारे विचारों, व्यवहार और जीवनशैली में दिखाई दे। त्याग, तपस्या, विनम्रता और आत्मसंयम के माध्यम से ही जीवन को अधिक सार्थक बनाया जा सकता है।

कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने 31 अक्टूबर तक कराएं पंजीयन

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के किसानों की आय बढ़ाने और फसल विविधीकरण अन्य फसलों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'कृषक उन्नति योजना' के तहत आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यदि किसान इस सरकारी योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, तो 31 अक्टूबर तक अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। धान के स्थान पर अन्य फसल लेने पर खरीफ वर्ष 2026 में धान के स्थान पर कोई अन्य खरीफ फसल लगाते हैं, तो उन किसान को 15,000 रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि दी जाएगी। जो किसान पहले से ही दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास की खेती कर रहे हैं, उन्हें 10,000 रुपए प्रति एकड़ सहायता राशि प्रदान की जाएगी। किसानों को इस योजना की सहायता राशि सीधे बैंक खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से भेजी जाएगी। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है, सभी किसान अपने क्षेत्र की निकटतम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से एकीकृत किसान पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी कृषकों से अपील की गई है कि वे बिना देर किए, 31 अक्टूबर से पहले अपनी सेवा सहकारी समिति में जाकर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं और योजना का पूरा लाभ उठाएं।

150 सरस्वती शिशु मंदिरों में एआई स्मार्ट कक्षों का शुभारंभ





जामगांव आर। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में मातृभाषा और संस्कार की प्रधानता के साथ आधुनिक तकनीक का भरपूर उपयोग करके बच्चों को वर्तमान परिवेश में उन्नत और उत्कृष्ट होनहार बनाने के लिए प्रदेश के 150 विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड कक्ष स्थापित किया गया।

इसी योजना के तहत विद्याभारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर, बटरेल दुर्ग,सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के 150 विद्यालयों में सोमवार को प्रातः 10.30 बजे एआई स्मार्ट कक्ष का आन लाइन उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र क्षेत्रीय संघ चालक डॉ पूर्णेंदु सक्सेना के कर कमलों सम्पन्न हुआ। उदघाटन समारोह मंच पर सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू एवं अध्यक्ष रामभरोसा सोनी मंचासीन रहे। सरस्वती मंदिर जामगांव आर स्मार्ट बोर्ड कक्ष के उद्घाटन बेला समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, कोषाध्यक्ष बसंत राव शिन्दे, वरिष्ठ सदस्य डॉ केएस देवांगन, प्राचार्य पीएल बारले, भौतिक विभागाध्यक्ष लिकेश्वर साहू, गणित पवन बंछोर, रसायन विभागाध्यक्ष शशि यदु सहित विद्यार्थी नवनिर्मित स्मार्ट बोर्ड उद्घाटन के साक्षी बने।

क्षेत्रीय संघ चालक पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा कि आधुनिक एवं गुणवक्ता युक्त शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्मार्ट बोर्ड कक्ष का निर्माण कर राष्ट्र भाषा में संस्कारित शिक्षा ग्रहण कर रहे होनहार विद्यार्थियों को समय की मांग के अनुरूप पुष्ट बनाने विद्याभारती सतत प्रयास कर रही है। विद्याभारती की 75 वां वर्ष की इस यात्र में यह पड़ाव आया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी की मोह आकर्षण और शासन भी दबाव में अंग्रेजी पर जोर देते है लेकिन विधार्थियो और माता पिता का भला करने में इस भाषा की क्या भूमिका है किसी से छुपा नहीं है। संस्कार के अभाव में माता पिता संतान से दुखी है संस्कार को पुष्ट करने वाली मातृभाषा में बच्चों को होनहार बनाए आधुनिक तकनीक युक्त संस्कारित शिक्षा का प्रबंधन सबके सामने है। सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू ने कहा कि विद्याभारती का 75 वाँ वर्ष पूर्ण हुआ। 1952 में रोपित सरस्वती शिशु मंदिर रूपी पौधा विद्याभारती के कुशलतम मार्गदर्शन में वट वृक्ष सा संस्कारित शिक्षा की छाँव जन मानस को दे रही है। उन्होंने कहा सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार का केंद्र है समाज परिवार में दायित्व का बोध कराती है और चरित्र का निर्माण करती है। सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पालन करने विद्याभारती तैयार है तैयारी प्रारंभ कर चुकी है। सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष राम भरोसा सोनी ने कहा कि दुर्लभ व्यक्तित्व के घनी भैया जी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से जनमानस में संस्कारित शिक्षा को उन्नयन करने का सपना साकार हो रहा है। निश्चित तौर पर सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा समाज जन मानस को संस्कारित उन्नत शिक्षा देने मंजिल प्राप्त करेगी। कार्यक्रम में प्रांत संघ चालक छत्तीसगढ़ प्रांत टोप लाल वर्मा, पूर्व प्रादेशिक सरस्वती शिक्षा संस्थान विवेक सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान बद्रीनाथ केशरवानी, सह सचिव निश्चय बाजपेयी, विभाग प्रमुख मोहन पवार, प्रशिक्षण निदेशक आशुतोष चावरे, जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव प्रवास बघेल, हरिराम मुख्य रूप से उपस्थित थे।



खबर संक्षेप



चारवाही में चलाया स्वच्छता अभियान

बालोद। सेवा संकल्प अभियान एवं नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम चारवाही में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांव में साफ–सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच दीपमालिका साहू सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई और गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा अपने आसपास नियमित साफ–सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया।

बेलौदी में कल सजेगी अनुराग धारा की संगीतमय शाम

बालोद। गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम बेलौदी में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में 16 अक्टूबर को रात्रि अनुराग धारा राजनंदगांव की प्रस्तुति आयोजित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, डॉक्टर कृष्ण कुमार गंजीर, क्षेत्र के सभापति अश्वनी कटहरे, डॉक्टर रोहित साहू, ग्राम पंचायत सरपंच कुमुदिनी साहू, नोहर साहू, आशीष साहू, हुलास साहू, सुनील कुमार साहू उपस्थित रहेंगे।

मां चंडी मंदिर में चंडी महोत्सव, 15 से 18 तक संगीतमय श्रीराम कथा

गुरूर। मां चण्डी मंदिर सेवा समिति ग्राम कंवर द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व के चण्डी महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन मां चण्डी मंदिर प्रांगण कंवर में किया जा रहा है। जिसके तहत 11 अक्टूबर को ज्योति कलश स्थापना का आयोजन किया गया। जहां आज 15 अक्टूबर को पंचमी पर्व मनाया जाएगा तथा 18 अक्टूबर को अष्टमी हवन का आयोजन किया जाएगा। जिसमे 15 अक्टूबर को जय अम्बे महिला मानस मंडली कंवर, 16 अक्टूबर को सत्संग मानस मंडली गंगोरीपार, 17 अक्टूबर को राज मानस परिवार आमदी, 18 अक्टूबर को जय गढ़िया बाबा मानस मंडली कंवर का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जहां 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 05 बजे तक चार दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। जिसमे समिति के संरक्षक जीएल सोनी, नेमसिंह पटेल, रामालाल निर्मलकर, अध्यक्ष बीआर साहू, उपाध्यक्ष गजेन्द्र कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, नेमसिंह कौशिक, सीता बाई साहू, कोशाध्यक्ष सीएल मोरार, सचिव योगेन्द्र कुमार पटेल, सहसचिव ईश्वर लाल साहू, अंकेक्षक एचके रात्रे है।

राजस्थान के तीन युवक से गांजा बरामद, गिरफ्तार

भिलाई। गांजा की तस्करी करने वाले तीन राजस्थानी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलगांव नाले दुर्ग के पास दबिश देकर कल्याणसर बीकानेर निवासी कालू राम माहिया, सीकर निवासी अभिमन्यु सिंह, श्रीडूंगरगढ़ निवासी रामानंद चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आयोजन : जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और ग्रामीणों की रही सहभागिता

बढ़भूम में पीडीएस भवन का भूमिपूजन, बरही में सरस्वती शिशु मंदिर भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- राकेश यादव की मौजूदगी में शुरू हुआ निर्माण कार्य, नवनिर्मित विद्यालय भवन ग्रामीण शिक्षा को देगा बढ़ावा

बालोद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बढ़भूम में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। वहीं ग्राम बरही में सरस्वती शिशु मंदिर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। दोनों कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इन आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया गया।

ग्राम बढभूम में पीडीएस भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालोद विधानसभा क्षेत्र के जनसेवक राकेश यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में कृष्ण ठाकुर, आनंद शर्मा, मेघनाथ सलाम, सहदेव हिड़को और प्रभुराम कुरेटी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच ब्रजलाल कांगे, उपसरपंच शीला यादव, रामाधार कुंजम, चतुर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधिवत भूमिपूजन के साथ पीडीएस भवन निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। पीडीएस भवन का निर्माण होने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन वितरण की व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। ग्रामीणों को राशन संबंधी कार्योंर् के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे भवन महत्वपूर्ण माने जाते हैं। भवन निर्माण पूरा होने के बाद स्थानीय स्तर पर राशन वितरण व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक बनाने में सहायता मिल सकेगी।

ग्राम बरही में सरस्वती शिशु मंदिर के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालोद विधानसभा क्षेत्र के जनसेवक एवं भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने की।

विशेष अतिथि जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी प्रेम साहू, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, करहीभदर भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, मंडल महामंत्री मनीष गांधी एवं प्रदीप साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा मंडल मंत्री डोमन देवांगन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनीता साहू, सेतुराम सांडिल्य, ग्राम बरही के ग्रामीण अध्यक्ष माखन साहू, पूर्व सरपंच डोमार सिन्हा, बूथ अध्यक्ष विमला सिन्हा और सरपंच कोमिन सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं ग्रामीण समारोह में शामिल हुए। अतिथियों की उपस्थिति में सरस्वती शिशु मंदिर भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के महत्व और ग्रामीण क्षेत्रें में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया गया। विद्यालय भवन विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



पायाला में कवि सम्मेलन नशामुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

- नशामुक्ति, मोबाइल के दुष्प्रभाव और स्वच्छता पर किया जागरूक
- कवियों ने कविताओं के जरिए दिया सामाजिक सरोकारों का संदेश

दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासी पायाला के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कवि के रूप में केशव राम साहू, सुंदरलाल गंधर्व, कुसुम साहू, योगेश छतीसगढ़िया, विजय कुमार टंडन उपस्थित हुए।

प्रारंभ में कुसुम साहू ने दुर्गा माता की वंदना के साथ युवाओं में बढ़ते हुए नशा पान पर चिंता व्यक्त करते हुए नशा छोड़ने का आह्वान कविता के माध्यम से किया। विजय कुमार टंडन ने मोबाइल के दुष्प्रभाव को उजागर करते हुए खासकर बच्चों को दूर रहने का सलाह दिया। सुंदरलाल गंधर्व ने स्वच्छता का संदेश दिया। योगेश छतीसगढ़िया ने छत्तीसगढ़ी बोली भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन कर रहे केशव राम साहू ने पेड़ एवं गौ माता को मनुष्य के जीवन के लिए आवश्यक बताते हुए काव्य पाठ किया। इस अवसर पर दुर्गा मूर्ति दान दाता सेवानिवृत शिक्षक चेतन तिवारी का सम्मान ग्राम पंचायत सरपंच सरोज वाला बंजारे द्वारा किया गया।

ग्राम वासी के रूप में शशि कुमार साहू, सूर्या साहू, मानिक साहू, श्यामलाल साहू, दिनेश तिवारी, लोचन महिलागे, विक्रम टंडन लिखमन बंजारे, जय लाल ठाकुर, धर्मेंद्र साहू, कामता साहू, रूपसिंह साहू, प्रमोद यादव, सुनील साहू, कामता साहू, नीरज कांत तिवारी, ललित साहू उपस्थित थे।

तीन गांवों में पीडीएस भवनों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- भोलापठार में टीन शेड और सार्वजनिक शौचालय निर्माण का आश्वासन

नवरात्रि के पहले दिन की शुरुआत बालोद विधान सभा के जनसेवा एवं छाया विधायक राकेश यादव के प्रयासों से ग्राम पंचायत परेंगुडा, अमोरा एवं नर्रा में पीडीएस भवन का भूमिपूजन किया गया और साथ ही साथ लिमोरा में उनके ही प्रयास से 20 लाख की लागत से निर्माणाधीन समरसता भवन का अवलोकन किया गया एवं भोलापठार में आयोजित नवाखाई एवं देव दशहरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान राकेश यादव ने भोलापठार के विकास के और टीन शेड की स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया एवं तत्काल यहां पर साल में अनेक अवसरों पर कार्यक्रम आयोजित होता है किंतु यहाँ पर हजारों की संख्या में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए शौचालय नहीं होने पर तत्काल वीबी जीरामजी योजना, सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया, जिसके लिए भोलपाठर विकास समिति के अध्यक्ष राम ठाकुर ने आभार व्यक्त किया तथा तीनो ग्राम पंचायत के भूमिपूजन के अवसर पर आने वाले समय में विधान सभा के सभी ग्राम पंचायत में पीडीएस भवन का निर्माण किया जाएगा ताकि जनता को मिलने वाले राशन सुरक्षित रह सके।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला पंचायत के उपाध्यख तोमन साहू, जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, भाजपा के जिला मंत्री प्रेम साहू, जिला भाजपा किसानमोर्चा के जिलाद्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, भाजपा मंडल के अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, महामंत्री मनीष गांधी, प्रदीप साहू, मंत्री डोमन देवांगन, मंडल की महिला मोर्चा की अध्यक्ष विनीता साहू, सेतु राम सांडिल्य, दिनेश देवहरे, चित्रसेन साहू, बीरबल भूसाख़रे, खोरबहारा साहू, प्रहलाद साहू, योगेश देवहारे, छन्नू साहू के साथ ग्रामीण जन उपस्थित थे।

खोलझार में बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के मार्गदर्शन में विकासखंड डौण्डीलोहारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलझार में बच्चों की बेहतर देखरेख, सुरक्षा, संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं को उनके वैधानिक अधिकारों, सुरक्षा उपायों और बालिकाओं के सवांगीण विकास के प्रति संवेदनशील व जागरूक बनाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बच्चों की सुरक्षा, बालिकाओं की शिक्षा एवं समाज में महिलाओं की सशक्त भूमिका से अवगत कराया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं सहित 'मिशन वात्सल्य' अंतर्गत एकीकृत बाल संरक्षण सेवाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम 2012 तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रमुख प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं जिला बाल संरक्षण इकाई की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुरक्षित स्थिति और तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा 'मिशन शक्ति' अंतर्गत महिला हेल्पलाइन 181 के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई।

इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक (चाइल्ड लाइन) वेद प्रकाश साहू, जिला मिशन समन्वयक डॉ. एस. कुमार, काउंसलर अनिल साहू, मिशन वात्सल्य के मास्टर ट्रेनर मनीष देशमुख, कैलाश निषाद सहित शाला के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

टिकरी अजुंदा में मनाया गया धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस, समानता और बंधुत्व का दिया संदेश



बालोद। ग्राम टिकरी अजुंर्दा के अंबेडकर भवन में बुधवार को धम्मा चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। यह दिवस इसीलिए मनाया जाता है क्योंकि 14 अक्टूबर दिन बुधवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा नागपुर में 5 लाख से भी ज्यादा अनुयायियों के साथ मिलकर दीक्षाभूमि में बौद्ध धर्म की दीक्षा लीये थे। यह ऐतिहासिक दिन इसलिए भी है क्योंकि इसी दिन भगवान बुद्ध ने सारनाथ में ज्ञान प्राप्ति के बाद अपने पांच शिष्यों को पहला उपदेश दिया था साथ ही नागपुर में इस दिन लाखों अनुयाई एकत्रित होकर जातिगत भेदभाव को नकार कर सामानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और करुणा का मार्ग अपनाने की एक ऐतिहासिक क्रांति के रूप में इसे मनाया जाता है।

इस अवसर पर वंदना मेश्राम, अनीता उके, पुष्पा लोनहारे, अमृता, गिरजा सुखदेव, लता मेश्राम, दीपिका, प्रमिला सहीत कई बौद्ध उपासक उपाशिकाएं उपस्थित थे।

बालोद के प्रमुख मार्गों के डिवाइडर पोल रोप लाइट से होंगे रोशन, भेजा प्रस्ताव

पार्षद दीपक लोढ़ा और नितेश वर्मा ने अपनी निधि से राशि स्वीकृत करने की दी अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिला मुख्यालय बालोद के प्रमुख मार्गों की रात्रिकालीन आभा अब और अधिक आकर्षक नजर आएगी। शहर के मुख्य मार्गों के डिवाइडर पर स्थित विद्युत पोलों पर गुणवक्तापूर्ण एवं आकर्षक रोप लाइट लगाने की विशेष पहल की गई है। इससे न केवल शहर का सौंदर्य निखरेगा, बल्कि रात के समय आवागमन करने वाले आम नागरिकों व आगंतुकों के लिए मार्ग अधिक सुरक्षित और सुसज्जित महसूस होगा।

इस जनहितैषी व सौंदर्गीकरण कार्य के लिए नगर पालिका परिषद बालोद के वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद दीपक लोढा तथा मनोनीत पार्षद नितेश वर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को विधिवत पत्र सौंपकर अपनी–अपनी निधि से राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की है। पार्षदों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार नगर के दो प्रमुख और व्यस्ततम मार्गों को इसके लिए चिन्हांकित किया गया है। दुर्ग मार्ग मोड़ गंजपारा से शासकीय महाविद्यालय तक और दल्ली चौक से मधु चौक मरारपारा डिवाइडर स्थित विद्युत पोल। पार्षदों की इस मांग को नगर पालिका परिषद बालोद की प्रेसीडेंट इन कौंसिल की बैठक में प्रमुखता से रखा गया। बैठक में विचार–विमर्श के दौरान यह तथ्य सामने आया कि शासन के दिशा–निर्देशों के तहत पार्षद निधि की राशि को प्रकाश व्यवस्था हेतु व्यय किया जा सकता है, किंतु कार्योंर् की अधिकृत सूची में स्पष्ट रूप से रोप लाइट का मद उल्लेखित नहीं है। शहर के व्यापक हित और सौंदर्गीकरण की आवश्यकता को देखते हुए पीआईसी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रोप लाइट क्रय की विशेष अनुमति हेतु संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र प्रेषित किया जाए और वहां से अनुमति प्राप्त होते ही नियमानुसार क्रय व अधिष्ठापन की कार्यवाही पूर्ण कराई जाए।

पीआईसी के निर्णय के परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग (इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर) को विधिवत पत्र प्रेषित कर दिया गया है। संचालनालय से हरी झंडी मिलते ही नियमानुसार टेंडर व क्रय की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, जिसके बाद शहर के डिवाइडर पोल मनमोहक रोशनी से जगमगा उठेंगे। नगर पालिका परिषद बालोद वार्ड क्रमांक 10 पार्षद दीपक लोढा ने कहा शहर के रात्रिकालीन सौंदर्य को निखारने और सड़कों पर बेहतर रोशनी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हमने पार्षद निधि से यह अनुशंसा की है। दुर्ग मार्ग मोड़ से कॉलेज तक और दल्ली चौक से मधु चौक तक डिवाइडर पर रोप लाइट लगने से शहर का स्वरूप आकर्षक बनेगा और रात में आवागमन अधिक सुरक्षित होगा।

चूंकि नियमों में विशेष अनुमति की आवश्यकता है, इसलिए शासन स्तर से शीघ्र स्वीकृति लेकर इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। नगर पालिका परिषद बालोद मनोनीत पार्षद एल्डरमैन नितेश वर्मा ने कहा बालोद को सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप देना हमारी प्राथमिकता है। डिवाइडर पोलों पर आकर्षक व गुणवक्तापूर्ण रोप लाइट लगाने से शहर में प्रवेश करने वाले आगंतुकों और नागरिकों को एक सुखद अहसास होगा। हमने अपनी एल्डरमैन निधि से इसके लिए अनुशंसा पत्र दिया है। नगरीय प्रशासन विभाग से विशेष अनुमति प्राप्त होते ही टेंडर व अधिष्ठापन की प्रक्रिया तेजी से पूर्ण कराई जाएगी।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर को जनसेवा का केंद्र बनाने पर जोर

जन आरोग्य समिति के सदस्यों को दिया गया एक दिनी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र के निर्देशानुसार जन आरोग्य समिति के गठन एवं प्रबंधन को लेकर बुधवार को सुरेगांव के पंचायत भवन में समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मितानिन कार्यक्रम की ब्लॉक समन्वयक चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर देश की प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य केवल बीमारियों का उपचार करना नहीं, बल्कि समुदाय को समग्र, सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और निशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उप स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी माध्यम के रूप में विकसित करने में जन आरोग्य समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं सदस्यों के दायित्वों और कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही समिति को मिलने वाली अनटाइड फंड (अबंधित राशि) के उपयोग, खर्च की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के संधारण के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। मितानिन कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर केशव शर्मा ने वर्षभर के स्वास्थ्य कैलेंडर, विभिन्न पंजी के संधारण, अभिलेखों के रखरखाव तथा स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों के बेहतर संचालन के लिए नियमित गतिविधियों और व्यवस्थाओं के उचित प्रबंधन पर बल दिया। प्रशिक्षण में सरपंच भगवंतीन नेताम, सीएचओ झरना ठाकुर, किरण साहू, भगवती विश्वकर्मा, गायत्री साहू, रोमा हरमुख, भुवनेश्वरी साहू, दीपा नेताम सहित जन आरोग्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में विकासखंड के ग्राम रेंगाडबरी, खैरा और गुरामी में भी जन आरोग्य समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इन गांवों में स्वस्थ पंचायत समन्वयक नैन साहू, अनिता रामटेके तथा ब्लॉक समन्वयक शोभा शर्मा ने समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देकर उनके दायित्वों एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन की जानकारी दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

